RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 240 | नागौर, 04 अगस्त, 2022 (गुरूवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# 14 महीने बाद ममता कैबिनेट का विस्तार

### 9 कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली, पूर्व भाजपा सांसद बाबुल को भी दीदी ने बनाया मंत्री



कोलकाता.

पश्चिम बंगाल में 14 महीने बाद बुधवार को ममता बनर्जी कैबिनेट का दूसरी बार विस्तार हुआ। राजभवन में राज्यपाल एल गणेशन ने 9 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। इनमें 7 कैबिनेट और 2 स्वतंत्र प्रभार मंत्री हैं। ममता ने विधानसभा चुनाव के बाद सितंबर 2021 में भाजपा छोड़ तृणमूल में आए पूर्व सांसद बाबुल सुप्रियो को भी मंत्री बनाया है। ममता परफॉर्मेंस के आधार पर 3-4 मंत्रियों को हटा भी सकती हैं। खबरें हैं कि इन सभी को संगठन के कामकाज में लगाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार जिन मंत्रियों को हटाने की चर्चा है उनमें सोमेन महापात्रा, परेश अधिकारी, चंद्रकांत सिंह और मलय घटक का नाम है।

# नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने यंग इंडिया के दफ्तर को किया सील

## कांग्रेस मुख्यालय के पास सख्त सुरक्षा

नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड कार्यालय की बिल्डिंग में मौजूद यंग इंडिया के दफ्तर को सील कर दिया है। इसके साथ ही कहा गया है कि एजेंसी की पूर्व अनुमति के बिना परिसर नहीं खोला जाए। इसके साथ ही कांग्रेस मुख्यालय के आसपास सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त कर दिए गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से यह एक्शन राहुल गांधी और सोनिया गांधी से पूछताछ के बाद उठाया गया है। पिछले दिनों नेशनल हेराल्ड से जुड़े मामले को लेकर राहुल गांधी और सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ की थी। दूसरी और जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा कि दिल्ली पुलिस का एआईसीसी मुख्यालय का रास्ता रोकना एक अपवाद के बजाय एक आदर्श बन गया है! उन्होंने ऐसा क्यों किया यह रहस्यमय है।

कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इससे पहले पंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले की जांच के तहत कांग्रेस के स्वामित्व वाले 'नेशनल हेराल्ड' समाचार पत्र के मुख्यालय सहित 12 स्थानों पर छापा मारा था। अधिकारियों ने बताया कि धन शोधन (निवारण) अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत छापे मारे जा रहे हैं, ताकि यह पता लगाने के लिये अतिरिक्त सबूत एकत्र किए जा सकें कि धन का लेन-देन किसके बीच हुआ। संघीय एजेंसी के अधिकारियों ने मध्य दिल्ली में आईटीओ पर बहादुर शाह जफर मार्ग स्थित 'हेराल्ड हाउस' कार्यालय पर भी छापा मारा। ईडी की कार्रवाई को कांग्रेस लगातार प्रतिशोध की राजनीति बता रही है। जब मंगलवार को नेशनल हेराल्ड के दफ्तर में छापेमारी हुई थी तो



कांग्रेस की ओर से इसका जबरदस्त तरीके से विरोध किया गया था। तब कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा था कि हेराल्ड हाउस पर छापेमारी भारत के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर लगातार हो रहे हमले का हिस्सा है। हम उन सभी लोगों के खिलाफ की जा रही प्रतिशोध की राजनीति की कड़ी निंदा करते हैं, जो मोदी सरकार के खिलाफ बोलते हैं। आप हमें चुप नहीं करा सकते। हीं, रणदीप सुरजेवाला ने कहा था कि रेड-राज ही अब राज-धर्म है। दिल्ली दरबार की सत्ता के अहंकार की मदहोशी और पिट्ठू ईडी की नैशनल हेराल्ड पर की जा रही दुराग्रह से ग्रस्त कार्यवाही इसका सबूत है। पर वो भूल गये हैं - सत्य कभी पराजित नहीं होता। सत्यमेव: जयते।

### सिद्धारमैया की राहुल ने की जमकर तारीफ, बोले- उनसे मेरा विशेष संबंध, उनके नेतृत्व में कर्नाटक को मिली दिशा

**नई दिल्ली.** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी कर्नाटक दौरे पर हैं। आज दावणगेरे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के 75 वें जन्मदिन समारोह में राहुल गांधी शामिल हुए। इस दौरान राहुल गांधी ने सिद्धारमैया की जमकर तारीफ की है। राहुल गांधी ने कहा कि मैं जन्मदिन समारोह में नहीं जाता हूं लेकिन यहां इसलिए आया हूं क्योंकि मेरा सिद्धारमैया जी से एक विशेष संबंध है। जिस तरह उन्होंने कर्नाटक की पिछली सरकार को चलाया, उसकी मैं सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि सिद्धारमैया के नेतृत्व में कर्नाटक को दिशा मिली और उस सरकार में कर्नाटक के लोगों के लिए एक विजन था। आपको बता दें कि कर्नाटक में अगले साल विधानसभा चुनाव है। ऐसे में कहीं ना कहीं राहुल गांधी की ओर से की गई यह तारीफ सिद्धारमैया के लिए एक अच्छा संकेत है। हालांकि, सिद्धारमैया गुट और कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार गुट के बीच लगातार वार-पलटवार का दौर भी देखने को मिलता है।

# होटल कारोबारी के 37 ठिकानों पर रेड

## होटल, ऑफिस, सिनेमा हॉल में इनकम टैक्स की जांच

जयपुर.

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने जयपुर और कोटा में ज्वैलरी, रियल एस्टेट, होटल, अस्पताल और कंस्ट्रक्शन में शामिल बड़े कारोबारी समूह के यहां रेड डाली है। आलोक कोटावाला और उनके करीबियों के यहां टीम ने जयपुर में 33 और कोटा में 4 ठिकानों पर कार्रवाई सुबह करीब साढ़े छह बजे शुरू की है। 200 से ज्यादा पुलिस, कर्मचारी और अधिकारी शामिल हैं। बड़े पैमाने पर काली कमाई के खुलासे की संभावना जताई जा रही है। अगले 2-3 दिनों तक यह कार्रवाई चल सकती है।

सूत्रों के मुताबिक, होटल कारोबारी आलोक कोटावाला की जयपुर के मालवीय नगर में रॉयल इंडिया ज्वैलरी मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड, मालवीय नगर में बन रहे होटल, उनके पार्टनर के हथरोई में होटल आशीष और एमआई रोड पर शोरूम यूनिक आर्ट्स, रामनिवास बाग के पास एक प्रतिष्ठान पर कार्रवाई चल रही है। कोटावाला मार्केट, त्रिपोलिया बाजार, क्रॉप्स मार्केट गार्डनिंग और हॉर्टिकल्चर में काम करने वाली कंपनी- सेंट्रल ऑर्चिड्स प्राइवेट लिमिटेड, रेसीडेंस, ऑफिस और शोरूम्स समेत कई ठिकानों पर जांच की जा रही है। कोटा में भी देवाशीष सिटी, आकाश सिनेमा हॉल समेत ठिकानों पर कार्रवाई चल रही है।

### काली कमाई और टैक्स चोरी की सूचना पर एक्शन

आयकर अधिकारी दस्तावेज खंगालने में जुटे हैं। विभाग को काफी वक्त से सूचना मिल रही थी कि यह कारोबारी समूह और पार्टनर्स बड़ी टैक्स चोरी कर रहे हैं। काली कमाई का मोटा पैसा इकट्ठा कर कई बेनामी प्रॉपर्टी बनाई गई हैं। विभाग को लम्बे समय से कारोबारी समूह के यहां अघोषित आय और टैक्स चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इस छापेमार कार्रवाई में काफी मात्रा में काली कमाई उजागर होने की सम्भावना है। कारोबारी के साथ ही परिवार के लोगों, मैनेजर्स, कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है।




### 45 करोड़ अघोषित संपत्ति का खुलासा

इससे एक सप्ताह पहले इनकम टैक्स ने पत्थर और खनन कारोबारी के ठिकानों पर छापे मारे थे। छापेमारी की कार्रवाई में करीब 45 करोड़ रुपए की अघोषित संपत्ति का खुलासा हुआ था। 23 नवंबर 2021 को एक ज्वेलरी फर्म के 50 ठिकानों पर छापेमारी में 500 करोड़ की बेनामी संपत्ति, 4 करोड़ रुपए कैश और 9 करोड़ की ज्वेलरी बरामद की थी। मौजूदा फायनेंशियल ईयर 2022-23 में कई बड़े कारोबारी समूहों पर इमकम टैक्स की छापेमार कार्रवाई हो सकती है। जानकारी के मुताबिक, एक दर्जन से ज्यादा कारोबारियों की लिस्ट विभाग ने तैयार की है। इनमें से 5 कारोबारियों के ठिकानों का वेरिफिकेशन भी विभाग की टीमें कर चुकी हैं।

### दो महीने पहले भी पड़ा था छापा

इससे पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 1 जून 2022 को जयपुर में होटल और रियल एस्टेट से जुड़े कारोबारियों के 30 ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई कर 3 करोड़ की नकदी जब्त की थी। दो दर्जन से ज्यादा टीमों ने मानसरोवर इस्कॉन रोड पर हयात रीजेंसी के 4 पार्टनर्स पर छापे मारे थे। 22 मार्च 2022 को जयपुर में ही मालीराम पूरण मल रावत समूह के रवि रावत, अजय रावत, राम मोहन रावत और इनके सहयोगियों के छ्रस्ह मार्ग, जौहरी बाजार, स्ह्ब रोड समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। फरवरी 2022 के दूसरे सप्ताह में भी जयपुर में ज्वैलरी, जेम्स स्टोन और होटल कारोबारी जगदीश तांबी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसमें 10 करोड़ की काली कमाई उजागर हुई। साथ ही, 2200 ग्राम सोना भी जब्त किया गया था।

# चुनावी साल में होंगे ग्रेड थर्ड टीचर्स के तबादले

## दूसरे राज्यों की स्टडी करेंगे फिर बनेगी ट्रांसफर पॉलिसी

जजयपुर.

प्रदेश के ग्रेड थर्ड टीचर्स के तबादले इस साल होने के आसार नहीं हैं। अब चुनावी साल में ही सरकार ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादले करेगी। शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने ऐसे ही संकेत दिए हैं। हाल ही में शिक्षा विभाग ने इन शिक्षकों के तबादले अभी नहीं करने का फैसला किया है। आगे तबादले कब होंगे इसे लेकर फिलहाल मंत्री भी टाइमलाइन नहीं दे पा रहे। मालूम हो कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादले नहीं हुए हैं। सरकार ने सभी विभागों से तबादलों से बैन हटाया, लेकिन ग्रेड थर्ड टीचर्स के तबादलों के लिए पॉलिसी बनाने का हवाला दिया। तबादला पॉलिसी जब तक बनकर लागू होती तब तक सरकारी स्कूलों में नया सेशन शुरू हो गया। अब बीच सेशन तबादलों से स्कूलों में पढ़ाई बाधित होने के कारण इसे रोक दिया गया।

### सीनियरिटी छोड़कर होम डिस्ट्रिक्ट में आने पर दूसरे राज्यों की व्यवस्था की स्टडी

शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला का कहना है कि ग्रेड थर्ड टीचर्स की काउंसलिंग होकर मेरिट के आधार पर ही उनकी पोस्टिंग होती है। कई शिक्षकों परेशानी है, कोई दिव्यांग है तो उसकी अलग से लिस्ट बनती है। इसमें हम सोच रहे थे कि यदि कोई अपनी सीनियरिटी छोड़कर जिले में आना चाहे तो उसको कंसीडर किया जा सकता है। इस संबंध में अलग-अलग राज्यों में क्या व्यवस्था है, उसका अध्ययन करके विस्तृत पॉलिसी बनाकर काम करेंगे।

### पिछली सरकार ने भी चुनावों से पहले किए थे तबादले, पॉलिसी बनने के बाद होंगे

शिक्षा मंत्री कल्ला ने कहा कि पिछली सरकार ने भी ग्रेड थर्ड टीचर्स के चुनाव से जस्ट पहले ट्रांसफर किए थे। रीट की परीक्षा कारण आगे भी टीचर सेवा में आएंगे। अब सेशन चालू हुए एक महीना निकल चुका है, ऐसे में इन्हें डिस्टर्ब करना ठीक नहीं है। आगे जब भी पॉलिसी बनेगी, उसके अनुसार ही करेंगे। अन्य राज्यों की स्टडी करके जब भी पॉलिसी बनेगी, उसके बाद तबादले होंगे।

### 85 हजार से ज्यादा टीचर्स ट्रांसफर के इंतजार में, साल भर पहले आवेदन किया था

प्रदेश भर में ग्रेड थर्ड के 85 हजार टीचर्स ने तबादले के लिए साल भर पहले आवेदन किए थे। 85 हजार शिक्षक अपने गृह जिले में जाना चाहते हैं। अब इनका इंतजार साल भर और खिंच सकता है।

### साढ़े तीन साल में ट्रांसफर पॉलिसी फाइनल नहीं हुई

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में ट्रांसफर पॉलिसी बनाने का वादा किया था। सरकार बने साढ़े तीन साल हो गए, लेकिन नई ट्रांसफर पॉलिसी अभी भी फाइनल मंजूरी के इंतजार में है। पिछले दिनों मुख्य सचिव के पास इसका ड्राफ्ट मंजूरी के लिए भेजा गया था। अब शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने दूसरे राज्यों के प्रावधानों की स्टडी करके इसमें और देरी के संकेत दे दिए हैं।



## दिल्ली में सांसदों ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर दिल्ली लाल किले से लेकर संसद भवन तक तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने लाल किले से तिरंगा बाइक रैली को झंडा दिखाकर रवाना किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और पीयूष गोयल भी मौजूद रहे। एनडीए के कई नेता और सांसदों ने भी इस तिरंगा रैली में हिस्सा लिया। सांसद वीके सिंह बुलेट पर तिरंगा लगाकर रैली में शामिल हुए। स्मृति ईरानी अपनी स्कूटी पर तिरंगा लहराते सबसे आगे थीं।

### मुफ्त रेवड़ी पर सुप्रीम कोर्ट बोला:

## अर्थव्यवस्था को हो रहा बड़ा नुकसान, कपिल सिब्बल से भी मांगा सुझाव

नई दिल्ली

चुनाव से पहले किए जाने वाले मुफ्त योजनाओं के वादों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनाव प्रचार के दौरान मुफ्त रेवड़ी बांटने के वादे एक गंभीर आर्थिक समस्या है। इस समस्या से निपटने के लिए एक संस्था की जरूरत है। सप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर चुनाव आयोग और सरकार के साथ कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से भी सुझाव मांगे हैं। चीफ जस्टिस एनवी रमना, जस्टिस कृष्ण मुरारी और हिमा कोहली की बेंच ने कहा कि नीति आयोग, वित्त कमीशन, सत्ताधारी और विपक्षा पार्टियों, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और अन्य संस्थाओं को भी इस मामले में सुझाव देने चाहिए कि आखिर इस रेवड़ी कल्चर को कैसे रोका जा सकता है। बेंच ने कहा, अच्छे सुझाव के लिए जरूरी है कि जो लोग इस कल्चर का समर्थन करते हैं वे और विरोध करने वाले लोग, दोनों ही सुझाव दें।

**सात दिन के अंदर मांगे सुझाव**-सुप्रीम कोर्ट ने एक एक्सपर्ट बॉडी बनाने के लिए सात दिनों के अंदर सुझाव मांगे हैं। कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग के साथ ही कांग्रेस के राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल और याचिकाकर्ताओं से कहा है कि वे जल्द अपने सुझाव दें ताकि इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए एक एक्सपर्ट बॉडी बनाई जा सके।

**केंद्र ने किया रेवड़ी कल्चर का विरोध**-केंद्र सरकार की तरफ से कोर्ट में पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुफ्त की योजनाओं के चुनावी वादों के खिलाफ दायर याचिकाओं का समर्थन किया.

### लोकसभा में सेंट्रल यूनिवर्सिटी (अमेंडमेंट) बिल पास

## सरकार ने डेटा प्रोटेक्शन बिल वापस लिया

नई दिल्ली.

संसद के मानसून सत्र का 13वां दिन है। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही एक बार फिर शुरू हो गई है। लोकसभा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी (अमेंडमेंट) बिल 2022 पेश किया। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने महंगाई और अन्य मुद्दों को लेकर हंगाम शुरू कर दिया। इसके चलते सदन की कार्यवाही 4 बजे तक स्थगित कर दी गई।

इसके बाद जब कार्यवाही शुरू हुई तो सेंट्रल यूनिवर्सिटी (अमेंडमेंट) बिल 2022 लोकसभा द्वारा पारित कर दिया गया। ये बिल केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन करता है। इसमें विभिन्न राज्यों में केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रावधान है।

सदन में सरकार ने पर्सनल डेटा प्रोटक्शन बिल 2021 वापस ले लिया। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिल वापस लेने का प्रस्ताव किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया। सरकार इसकी जगह नया बिल लाएगी जो कि कानूनी रूप से भी मंजूर होगा। दूसरी तरफ राज्यसभा में विपक्ष के ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स के इस्तेमाल पर सवाल उठाया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केद्र सरकार ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का गलत इस्तेमाल कर रही है। देश में इंडिपेंडेंट ऑटोनॉमस बॉडीज का दुरुपयोग हो रहा है। विपक्ष के नेता कहा कि सरकार राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ भेदभाव कर रही है। लोकतांत्रिक सरकार को गिराने का काम कर रही है।

**कांग्रेस ने राज्यसभा में दिया नोटिस**-कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने स्विस बैंकों में भारतीयों का रुपया बढ़ने पर चर्चा का नोटिस दिया है। उन्होंने शून्यकाल में इस पर चर्चा की मांग की है।

# मंत्रियों के सामने ही बेरोजगारों का हंगामा : मंत्री ने नियम बताए तो भड़के, कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उलझे

**जयपुर.** नौकरी की मांग को लेकर एनटीटी (नर्सरी टीचर्स ट्रैनिंग ) बेरोजगारों ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मंत्रियों की जनसुनवाई में करीब 1 बजे हंगामा कर दिया। महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश और परिवहन मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनसुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान नर्सरी टीचर्स ट्रैनिंग भर्ती में नियुक्ति की मांग को लेकर बेरोजगारों ने हंगामा शुरू कर दिया। नियुक्तियां नहीं होने से नाराज बेरोजगाार तुरंत भर्ती प्रक्रिया तो पूरी करने की मांग कर रहे थे। मंत्रियों की जनसुनवाई में हंगामा करने पर बेरोजगारों की पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से नोकझोंक भी हुई। बाद में पुलिस ने बेरोजगारों को कांग्रेस मुख्यालय से बाहर निकाल दिया। साल 2018 में हुई एनटीटी भर्ती के कैंडिडेट्स अपनी मांगों को लेकर कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे थे। इन बेरोजगारों ने जनसुनवाई में महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश से मिलकर जल्द नियुक्तियां देने की मांग की। इस पर मंत्री ममता भूपेश ने कानूनी अड़चनों का हवाला दिया।

## सम्पादकीय

# वित्त पर वित्तमंत्री

महंगाई के मुद्दे पर आखिरकार वित्तमंत्री ने सरकार का पक्ष रख दिया। सत्र के शुरू से ही विपक्ष इस पर चर्चा की मांग करता आ रहा था, मगर तबीयत ठीक न होने की वजह से वित्तमंत्री सदन में उपस्थित नहीं रह सकी थीं। अब वे आईं तो विपक्ष की इस आशंका को निराधार बताया कि देश आर्थिक मंदी की ओर जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि तमाम कठिनाइयों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। मगर विपक्ष उनके तर्कों से संतुष्ट नहीं हो सका। उसकी कुछ वजहें साफ हैं। अव्वल तो उन्होंने अर्थव्यवस्था की मजबूती को लेकर जो तर्क दिए वे सहज ही किसी के गले उतरने वाले नहीं थे।

फिर वित्तमंत्री का तेवर बेवजह आक्रामक था, जिसमें वे कई बातें तर्क से परे बोलती गईं। यह ठीक है कि महंगाई के मुद्दे पर चर्चा की मांग विपक्ष ने उठाई थी, पर आम लोग भी इस पर वित्तमंत्री से हकीकत जानना चाहते थे, इसलिए उनका जवाब देने का तरीका केवल विपक्ष पर हमला बोलने वाला नहीं होना चाहिए था। न जाने क्यों वे हर समय गुस्से में नजर आती हैं। इस तरह कई बार वे सामान्य ढंग से कही जाने वाली बातें भी इस अंदाज में कह जाती हैं कि विवाद पैदा हो जाता है।

वित्तमंत्री से संयत लहजे में और पारदर्शी ढंग से देश की वित्तीय स्थितियों के बारे में बात करने की अपेक्षा की जाती है। मगर वे हर समय जैसे विपक्ष से जिरह करने के अंदाज में बात करती हैं। इस बार भी अर्थव्यवस्था की मजबूती के बारे में बताते हुए उन्होंने जीएसटी संग्रह को ज्यादा महत्त्व दिया और आटा, चावल आदि वस्तुओं पर लगी जीएसटी को उचित ठहराते हुए तर्क दिया कि इसे सरकार नहीं तय करती, जीएसटी परिषद तय करती है और उसमें विपक्ष के लोग ही होते हैं।

इस तरह कोई वित्तमंत्री भला अपनी जवाबदेही से कैसे पल्ला झाड़ सकता है। फिर यह बात लोगों को कौन समझाएगा कि जब अर्थव्यवस्था सचमुच मजबूत है, तो महंगाई काबू में क्यों नहीं आ पा रही। क्या वजह है कि कुछ दिनों पहले ही खुद रिजर्व बैंक को विकास दर संबंधी अपना अनुमान घटाना पड़ा। यह कौन समझाएगा कि क्यों राजस्व घाटा निरंतर चिंताजनक रूप से बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था की मजबूती केवल जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी के पैमाने से नहीं आंकी जाती। आखिर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, निर्यात और विदेशी मुद्रा भंडार के पैमाने पर निराशाजनक स्थिति क्यों है, यह सब स्पष्ट करना भी वित्तमंत्री का ही काम है।

जब कोई सरकार अपनी आर्थिक कमजोरी को छिपाना या उसके आंकड़े गलत तरीके से पेश करना शुरू कर देती है, तो उसमें सुधार की संभावनाएं भी क्षीण होने लगती हैं। मगर निर्मला सीतारमण हमेशा महंगाई, बेरोजगारी के बढ़ते आंकड़े, विकास दर में कमी आदि से जुड़े सवालों पर कन्नी काटती नजर आती हैं। प्याज की बढ़ती कीमतों को लेकर सवाल उठने शुरू हुए, तो उन्होंने बहुत ही बचकाना बयान दिया था कि उसके बारे में उन्हें इसलिए कुछ नहीं पता, क्योंकि वे खुद प्याज नहीं खातीं। इसी तरह किसानों के मुद्दे पर विवाद का केंद्र बन गई थीं। ऐसे कई मौकों पर जब उनसे संयम की अपेक्षा की जाती थी, उन्होंने हड़बड़ी दिखाई। वित्तमंत्री का इस तरह हकीकत से मुंह फेरना और केवल विपक्ष को चुप कराने के लिए चुने हुए आंकड़े पेश करना किसी भी रूप में अर्थव्यवस्था के लिए शुभ नहीं कहा जा सकता।

# बच्चों में बढ़ती आक्रामकता

**इंटरनेट की दुनिया ने बच्चों और किशोरों के मनोमस्तिष्क को आक्रामक बना दिया है। इस संदर्भ को प्रमाणित करतीं तमाम घटनाएं देखने-सुनने को मिलती रहती हैं। मोबाइल, इंटरनेट आदि की लत के शिकार बच्चे तक दहला देने वाले अपराध कर बैठते हैं। मोबाइल इस्तेमाल करने और पबजी जैसे हिंसक खेल खेलने से रोकने जैसी बात पर ही बच्चे माता-पिता को मार डाल डालने या खुदकुशी जैसा आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। पिछले कुछ समय में ऐसी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। कुछ महीने पहले लखनऊ में सोलह साल के एक किशोर ने अपनी मां की हत्या कर दी थी। कारण पता चला कि वह उसे मोबाइल पर पबजी खेल खेलने को मना करती थी। यह किशोर दसवीं कक्षा का छात्र था। ऐसी घटनाओं को देखते हुए लगता है कि इंटरनेट के माध्यम से उभरती इस हिंसा के समाज शास्त्र को समय रहते समझने और इस समस्या का समाधान खोजने की महती आवश्यकता है। ऐसी घटनाएं परिवार, समाज और सामाजिक परिवेश पर सवाल खड़े करती हैं। इन घटनाओं से लगता है कि बच्चों के सामाजीकरण में अपनी खास भूमिका का निभाने वाली परिवार और स्कूल जैसी प्राथमिक संस्थाओं की जिम्मेदारी कहीं न कहीं सिमटती जा रही है। इसका असर यह हुआ है कि बच्चे अपनी दुनिया अलग बनाते जा रहे हैं।**



**कटु** सत्य यह भी है कि परिवारों में बुजुर्गों की भूमिका खत्म-सी हो गई है। छोटे परिवारों के बाद बने कामकाजी एकल परिवारों में मां-बाप भी अब बच्चों के बचपन से गायब हो रहें हैं। ऐसे अकेले वातावरण में बच्चे अपने मनोरंजन की चीजों के चयन के लिए स्वतंत्र हो गए हैं। सच्चाई यह है कि पिछले कुछ दशकों से कंप्यूटर और इंटरनेट सूचनाओं ने एक संवेदनाशून्य समाज गढ़ दिया है। आज सूचनाओं के इस भाव शून्य समाज में लोगों के सामने यह सामयिक प्रश्न जवाब मांग रहा है कि आखिर क्यों इस इंटरनेट आधारित समाज में हमारे बीच आपसी संवाद बनाने वाली संस्थाएं दम तोड रही हैं? आज इंटरनेट पर उपलब्ध तरह-तरह के हिंसक खेलों के सामने हमारे मस्तिष्क को तरोताजा रखने वाली सामाजिक और शैक्षिक क्रियाएं समाज से क्यों गायब होती जा रही हैं? लगातार विस्तार लेतीं ये आभासी दुनिया आज एक बीमारी की शक्ल क्यों लेती जा रही है? विद्यालयों में पठन-पाठन, शिक्षण और शिक्षक की मौजूदगी के बाद भी इंटरनेट से जुड़े आभासी खेल हिंसा की हदें क्यों पार करते जा रहे हैं? तकनीकी व डिजिटल समाज के विकास के इस संक्रमणकाल में इन सवालों के जवाब खोजना जरूरी हो गया है। कड़वी सच्चाई यह है कि परिवार के बिखराव से बच्चों का बचपन सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। दादा-दादी, नाना-नानी की देखरेख में पलने वाला बचपन अब कंप्यूटर, इंटरनेट, टीवी और वीडियो गेम जैसे संचार माध्यमों के बीच पल रहा है। उसके इस मनो-शारीरिक विकास में दैहिक समाज नदारद है। आज आर्थिक दबावों के समक्ष अभिभावकों को इतनी फुर्सत ही नहीं है जो उसे यह बता सकें कि उसके जीवन में उपयोगी चीजों को चयन करने की दिशा क्या हो।

संस्कृति और सांस्कृतिक मूल्यों की सीख देने वाले परिवार और स्कूल भी उनके बचपन से दूर छिटक रहें हैं। वर्तमान का कटु सत्य यह भी है कि परिवारों में बुजुर्गों की भूमिका खत्म-सी हो गई है। छोटे परिवारों के बाद बने कामकाजी एकल परिवारों में मां-बाप भी अब बच्चों के बचपन से गायब हो रहें हैं। ऐसे अकेले वातावरण में बच्चे अपने मनोरंजन की चीजों के चयन के लिए स्वतंत्र हो गए हैं। इसके अलावा आज का वैश्विक बाजार और सोशल मीडिया भी इंटरनेट से जुड़ी आनलाइन धाराओं को पूरी तरह से काबू करने पर उतारू है। बच्चे इंटरनेट दुनिया के बड़े उपभोक्ता बन चुके हैं। घर-परिवार में बच्चों की सुनवाई ठीक से न होने के कारण आभासी दुनिया उन्हें अपना दोस्त बनाने को आतुर है। यही वजह है कि अबोध बच्चे आभासी दुनिया के चुंगल में फंसते जा रहे हैं। देखने में यह भी आ रहा है कि परिवारों में बच्चों को भौतिकतावादी सुविधाएं देकर मां-बाप अपनी सामाजिक भूमिका की इतिश्री समझ रहे हैं। लिहाजा बच्चे घर की चारदीवारी में बंद होकर आभासी दुनिया में चले जाते हैं। इंटरनेट पर हिंसक खेल खेलते हैं। खेल में जीतने के लिए उन्हें कंप्यूटर, वीडियो अथवा मोबाइल के पर्दे पर किसी चरित्र को मारने में बहुत मजा आने लगता है। नतीजा यह होता है कि इन कृत्रिम चरित्रों को मार-मार कर पलते और बड़े होते ये बच्चे अपने वास्तविक जीवन में भी ऐसा करने से नहीं चूकते। तथ्य बताते हैं कि आज देश-दुनिया में आनलाइन गेम का अरबों-खरबों का कारोबार है। वर्ष 2019 में आनलाइन गेम का वैश्विक कारोबार सैतींस अरब डालर से भी ज्यादा का रहा था। वर्ष 2025 तक एक सौ बीस अरब डालर से भी अधिक हो जाने का अनुमान है। केपीएमजी की रिपोर्ट बताती है कि भारत में भी यह कारोबार अभी बारह हजार करोड़ रुपए से अधिक का है। आनलाइन खेल खेलने वालों की संख्या से जुड़े आंकड़े बताते हैं कि कोरोना काल में इनकी संख्या पैंतीस करोड़ के आसपास थी, जो इस साल के अंत तक पचास करोड़ से भी ज्यादा हो जाने का अनुमान है। हालांकि भारत सरकार ने पिछले दो सालों में चीन के सौ से ज्यादा एप पर प्रतिबंध तो लगाया है, मगर इसके बावजूद नाम बदल-बदल कर ये हिंसक खेल अपना करतब दिखाने से नहीं चूक रहे हैं। आज जिस हिंसा का प्रयोग बच्चे अपने दोस्तों, सहपाठियों व स्वजनों के साथ कर रहे हैं, वह निश्चित ही उनकी सहनशक्ति के कमजोर होने और उनके क्रोधी व्यक्तित्व का परिचायक है। पहले परिवार, शिक्षक और शिक्षा का त्रिपक्षीय संगम व्यक्तित्व को एक सुरक्षा कवच प्रदान करता था। पर लगता है कि वह कवच अब कमजोर पड़ता जा रहा है। संचार माध्यमों ने तो बच्चों के कल्पनालोक और उनके यथार्थ में घालमेल करते हुए आक्रोश व हिंसा को केंद्र में लाकर उसे लक्ष्य प्राप्ति का साधन बना दिया है। हिंसा अब बच्चों के सामान्य अनुभव का हिस्सा बनती जा रही है। संयम, सहनशीलता, दया, करुणा और अंहिसा जैसे मूल्य अपना महत्त्व लगातार खोते जा रहे हैं। लक्ष्यों की प्राप्ति में विलंब बच्चों से असहनीय हो रहा है। परिवारों में बच्चों की खुद की अस्मिता अन्य परिवारजनों से अलग होने की मांग कर रही है। यही वजह है कि परिवार में टोका-टाकी तक बच्चों में बर्दाश्त से बाहर हो रही है। बच्चों को हिंसा की गिरफ्त से बचाने के लिए आवश्यक है कि हम बच्चों के प्रति तटस्थता के भावों का अबिलंब त्याग करते हुए उनके नजदीक आने का प्रयास करें। कहना न होगा कि बच्चों के बचपन के वात्सल्य, प्रेम, दया, सहानुभूति, सच-झूठ और हिंसा-अहिंसा के बीच के अंतर से जुड़े अच्छे भावों को उनके जीवन में लाने और उतारने के लिए परिवार व स्कूल जैसी प्राथमिक संस्थाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही, बच्चों के जीवन में उनके एकाकीपन, तनाव, निराशा और कुंठा को कम करने का अच्छा तरीका है कि उनको रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाए, उन्हें खेल संबंधी व अन्य सृजनात्मक गतिविधियों में व्यस्त किया जाए।

## व्यापार समाचार

## 2024 तक 26 ग्रीन एक्सप्रेसवे बनेंगे, भारत सड़कों के मामले में अमेरिका के बराबर होगा : गडकरी

नई दिल्ली।



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि वर्ष 2024 से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेसवे तैयार हो जाएंगे और भारत सड़कों के मामले में अमेरिका के बराबर होगा। इसके साथ ही गडकरी ने कहा कि आने वाले दिनों में टोल शुल्क वसूलने के लिए प्रोद्यौगिकी के इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक टोल नहीं देने पर सजा का प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल के संबंध में एक विधेयक लाने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि टोल वसूलने के लिए दो विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। उनके मुताबिक पहला विकल्प कारों में 'जीपीएस' प्रणाली लगाने से संबंधित है जबकि दूसरा विकल्प आधुनिक नंबर प्लेट से संबंधित है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से नए नंबर प्लेट पर जोर दिया जा रहा है। गडकरी ने कहा कि अगले एक महीने में कोई एक विकल्प चुन लिए जाने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि नयी व्यवस्था लागू होने पर टोल बूथ पर कोई भीड़ नहीं होगी और यातायात भी प्रभावित नहीं होगा। गडकरी राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि 2024 से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेसवे शुरू कर दिये जायेंगे, जिससे सड़क के मामले में भारत अमेरिका के बराबर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नयी सड़कों के बन जाने से कई शहरों के बीच की दूरी कम हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि अभी अगर कोई व्यक्ति टोल रोड पर 10 किलोमीटर की दूरी भी तय करता है तो उसे 75 किलोमीटर का शुल्क देना पड़ता है लेकिन नयी व्यवस्था में उतनी दूरी का ही शुल्क लिया जाएगा जितनी दूरी तय की गई होगी। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) वित्तीय संकट से गुजर रहा है।

## इस साल महंगे हुए आटा-तेल : बीते 7 महीनों में आटा 12% और वनस्पति तेल के दाम 11% बढ़े, गैस सिलेंडर 103 रु. महंगा हुआ

नई दिल्ली।

सरकार भले ही महंगाई को कंट्रोल करने के की लाख कोशिशों में लगी हो, लेकिन महंगाई आम आदमी की कमर तोड़ रही है। इस साल अब तक आटा, खाने के तेल से लेकर दूध से लेकर सब महंगा हो गया है।

इतना ही नहीं एलपीजी सिलेंडर भी महंगा हो गया है। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के इस साल अब तक आटे के दाम 11% से ज्यादा बढ़ चुके हैं। इस साल की शुरुआत में देश में गेंहू के आटे की औसत कीमत 30.98 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी, जो 2 अगस्त को बढ़कर 34.69 रुपए पर पहुंच गई है। ऐसे ही सोयाबीन तेल अभी 158.06 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। 1 जनवरी को ये 148.59 रुपए प्रति लीटर पर था। यानी इसकी कीमत में 6% का इजाफा हुआ है। हालांकि दालों की कीमत इस साल एक जैसी बनी हुई हैं।










## आज का राशिफल

### मेष
आपका आज का दिन आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक योजनाएं सफल होंगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी कुछ काम कर सकेंगे। आपके संपर्क में वृद्धि होगी। आपके क्षेत्र के बाहर के लोगों के साथ भी संचार अधिक रहेगा।

### वृषभ
आज आपको वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। आप की वाणी किसी को मोहित करेगी और वह आप के लिए लाभदायी रहेगा। नए संबंध बनेंगे, जो आगे आपके काम आएंगे। विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने में रुचि बढ़ेगी।

### मिथुन
आज आप ज्यादा इमोशनल ना हों और ना ही कोई नया रिश्ता बनाने की ओर अग्रसर हों। किसी बीमारी के कारण मन में चिंता रहेगी। ज्यादा सोचने के कारण मानसिक थकान का अनुभव हो सकता है।

### कर्क
आज का दिन खुशी से भरा रहेगा। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। मित्रों और स्नेहीजनों से मुलाकात हो सकती है। काम में मिली सफलता आप के उत्साह में वृद्धि करेगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी है। परिजनों के साथ आप अच्छी तरह से समय गुजार सकेंगे। दोस्तों का अच्छा साथ मिल सकता है। आर्थिक क्षेत्र में आय की अपेक्षा व्यय ही अधिक होगा।

### कन्या
आज का दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। दोस्तों और स्नेहीजनों के साथ आनंददायी भेंट होगी। प्रवास भी आनंदप्रद रहेगा।

### तुला
आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें। वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। मित्रों के साथ भेंट होगी। घूमने-फिरने, आनंद-प्रमोद में दिन गुजरेगा। नौकरी या व्यावसायिक क्षेत्र में आपकी आय बढ़ेगी। दांपत्यजीवन में वातावरण आनंदमय रहेगा।

### धनु
आज का आपका दिन शुभ है। आप में परोपकार की भावना रहने से अन्य लोगों की सहायता करने के लिए आप उत्सुक रहेंगे। व्यापार या नौकरी के कारण कहीं बाहर मीटिंग में जाना हो सकता है। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे।

### मकर
आज का दिन मध्यम फलदायी है। बौद्धिक तथा लेखनकार्य से जुड़े जातक आज ज्यादा सक्रिय रहेंगे। साहित्य में कोई नया सृजन कर पाएंगे। दोपहर के बाद स्वास्थ्य की दृष्टि से कुछ थकान या आलस्य का अनुभव हो सकता है।

### कुंभ
आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहना चाहिए। ज्यादा सोचने-विचारने से आप परेशान रहेंगे। परिणाम आपको मानसिक थकान का अनुभव होगा। ज्यादा गुस्से से नुकसान हो सकता है। नियम विरुद्ध कामों से दूरी बनाए रखें।

### मीन
आज मनोरंजन और आनंद-प्रमोद में आप डूबे रहेंगे। कलाकार, लेखक आदि को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। पार्टनरशिप के काम में आपको लाभ होगा। स्वजनों, मित्रों के साथ पर्यटन का आनंद ले सकेंगे।

# कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



## कुमाहारान पंचायत ट्रस्ट के सानिध्य में आयोजित भव्य कलश यात्रा में 1131 मातृशक्ति ने लिया भाग

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शिव मंदिर समस्त कुमाहारान पंचायत ट्रस्ट के सानिध्य में बुधवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ। कलश यात्रा का शुभारम्भ कुचामन गौशाला से हुआ। कलश यात्रा शहर के विभिन्न मुख्य मार्गो से होते हुए शिव मंदिर खारिया रोड जब पहुंची तो जगह-जगह सर्व समाज बंधुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस कलश यात्रा में 1131 मातृशक्ति ने भाग लिया। इसके बाद श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ।

### कुमावत समाज के ये प्रबुद्धजन हुए शामिल



कलश यात्रा में पूर्व विधायक एवं शिल्प माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हरिश्चंद्र कुमावत, जिला परिषद सदस्य व कुमावत विकास समिति अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत पलाड़ा, खारिया सरपंच देवीलाल कुमावत, समस्त कुम्हारान ट्रस्ट अध्यक्ष राजकुमार फौजी, शिम्भूदयाल बालोदिया, दुर्गेश मारोठिया, सत्यनारायण कुमावत, रघुनाथ पिपलोदा, गौरूराम कुमावत पूर्व चैयरमेन, कुमावत सुधार समिति नावां अध्यक्ष सीताराम कुमावत, पार्षद बाबूलाल कुमावत, ईओ किशनलाल पिपलोदा, राजाराम प्रजापति, प्रभुदयाल पिपलोदा, रामदेव सिहोटा, पार्षद नरसी कुमावत, पार्षद भागीरथ कुमावत, हंसराज कुमावत, हरीश मारोठिया, दिनेश कुमावत पलाड़ा, मुकेश बारवाल, मुकेश खारिया, रामनिवास पिपलोदा, भैरूराम कुमावत, बाबूलाल खारिया, लालाराम नालोट सहित बड़ी संख्या में कुमावत समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# पंचायत राजमंत्री रमेश मीणा को हटाने की मांग आक्रोशित सरपंचों का जयपुर कूच




अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** पंचायत राजमंत्री रमेश मीणा के निर्देश पर मनरेगा के कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उनकी जांच करवाने, कार्यों को अनुपयोगी बताने, कर्मचारियों को निलम्बित करने से नागौर जिले के सरपंच आंदोलनरत है। बुधवार को यहां पंचायत समिति मुख्यालय से मूंडवा पंचायत समिति के सभी सरपंच मंत्री रमेश मीणा को हटाने की मांग को लेकर जयपुर के लिए रवाना हुए।

इससे पूर्व सरपंच संघ ने जिला मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन किया। ग्राम पंचायतों का बहिष्कार किया, मंत्री रमेश मीणा का पुतला फूंका। इसी कड़ी में अब सरपंच मंत्री रमेश मीणा को हटाने की आरपार की लड़ाई को लेकर सामुहिक रूप से जयपुर के लिए कूच कर गये हैं। बुधवार को यहां पंचायत समिति मुख्यालय पर सभी सरपंच एकत्रित हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए पंजाबी बाबा प्याऊ चौराहे तक अपने अपने समर्थकों के साथ जुलुस के रुप में पैदल रवाना हुए। वहां से आगे कुचामन तक अपने वाहनों से जायेंगे। कुचामन के नारायणसिंह सर्किल पर नागौर जिला के सभी सरपंच एक साथ एकत्रित होकर जयपुर के लिए पैदल कूच करेंगे। जयपुर में सभी सरपंच जब तक मुख्यमंत्री मंत्री रमेश मीणा को नहीं हटा देते हैं और निलम्बित किये गये कार्मिकों को बहाल नहीं कर देते हैं तब तक धरना देंगे।

**ये हुए सम्मिलित :** बुधवार को यहां से रवाना होने वालों में नागौर जिला सरपंच संघ महासचिव त्रिभुवनसिंह माणकपुर, सरपंच संघ अध्यक्ष शिवकरण धोलिया, संरक्षक पुखराज काला, पालड़ी जोधा सरपंच जगदीश खोजा, थिरोद से विजेन्द्र भाकल, झुझण्डा से शोभाराम गोठड़ा से रामनिवास जेठू, बू नरावतां से श्यामसुन्दर सांगवा, हड़मानराम नराधनियां, मूलाराम लामरोड़ खजवाना, रामेश्वर गोलिया, भीखाराम संखवास, लालाराम कड़लू, बलदेवराम सैनणी, मांगीलाल असावरी, भोजाराम पिचकिया गोवां, सीताराम अड़वड़, श्यामसुन्दर रूपाथल, मनफूलसिंह डिडेल रोल, महिपालसिंह लुणसरा, महेन्द्र खिची भदौरा, पप्पुराम फिड़ौदा हिलोड़ी, नृसिंहराम गाला ग्वालु, रामावतार मुंदियाड़ से, रूपराम ईनाणा से, सीताराम अड़वड़ से, पांचाराम बोड़वा से सहित मूंडवा पंचायत समिति के सभी 31 ग्राम पंचायतों के सरपंच व उनके प्रतिनिधि अपने समर्थकों के साथ जयपुर के लिए रवाना हुए।

# लाडनू ईओ डूडी को भेजा जेल

## रिश्वत लेते रंगेहाथ हुए थे ट्रैप

अबूबकर बल्खी




**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** एंटी करप्शन ब्यूरो अजमेर टीम द्वारा लाडनूँ नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी मघराज डूडी को ट्रैप किये जाने के बाद उन्हें बुधवार को जोधपुर के एसीबी कोर्ट में पेश किया गया, जहाँ से न्यायालय ने उन्हें 15 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भिजवा दिया है। राकेश वर्मा एसीबी एडिशनल एसपी अजमेर ने बताया कि मंगलवार को लाडनूँ स्टेडियम स्थित ई.ओ. के सरकारी आवास पर 20 हजार रुपये की रिश्वत लेने के मामले में ट्रेप किये गए अधिशाषी अधिकारी के मामले में अभी तक अनुसंधान अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से आरोपी डूडी का रिमांड नहीं मांगा जा सका। वर्मा ने बताया कि ईओ डूडी को लाडनूँ के स्टेडियम स्थित सरकारी क्वार्टर में ट्रेप करनें के दौरान वंहा तलाशी ली गई लेकिन वँहा से अन्य कोई आपत्तिजनक सामग्री या कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुई। अधिशाषी अधिकारी मघराज डूडी का सीतसर (रतनगढ़) स्थित मकान पर ताला लगा हुआ पाया जाने से वहां की अभी तक तलाशी नहीं की जा सकी। ईओ द्वारा सीकर में आलीशान बंगला बनाये जाने के बारे में की गई पूछताछ में उसका किराए पर लेना बताया गया है। पूछताछ के दौरान अभी तक उनके एक ही बैंक अकाउंट होने की जानकारी सामने आई है जिसे सीज की कार्रवाई नहीं की गई। इसके साथ ही एसीबी टीम द्वारा नगरपालिका के कमरों को ताले लगाए गए थे जिसकी आवश्यकता नुसार वापस तलाशी की जाएगी। इस मामले में अभी तक अन्य किसी व्यक्ति को सहायक के रूप में होने की भी कोई जानकारी नहीं आई है।

# ज्ञापन सौंपकर की गौवंश के टीकाकरण की मांग

## एसबीजीएसएस गौरक्षा दल नागौर के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामनसिटी में एसबीजीएसएस गौरक्षा दल नागौर के सदस्यों द्वारा लंपी स्किन बीमारी जो गाय और अन्य पशुओं में बहुत भयंकर रूप से फैल रही हैं, जिसका अभी तक कोई इलाज नहीं खोजा गया है के बारे में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर जल्दी बेसहारा गोवंश को टीकाकरण कराने की मांग की और उपचार किए जाने की मांग की।

इसके बाद उपखंड अधिकारी बाबूलाल जाट ने आश्वासन दिया कि जल्दी एक टीम का गठन करके सभी जगह टीकाकरण करवाया जायेगा। इसके लिए पशु चिकित्सा विभाग के सीनियर डॉक्टर गोविंद चौधरी से टीम के सदस्यों ने मुलाकात की ओर अवगत कराया की जल्दी बीमार गोवंशो को दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराये ताकि गौ रक्षा दल के सदस्य उपचार में मदद कर सके। गौरक्षा दल जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा कुकनवाली ने बताया कि जल्दी पूरे नागौर में टीम के सदस्यों और प्रशासन के द्वारा टीकाकरण किया जाएगा और सभी से मदद करने की अपील की। इस मौके पर गौ रक्षा दल नागौर जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा कुकनवाली, कुचामन तहसील अध्यक्ष एडवोकेट विजय कुमार सैन, रामदेव उपाध्याय, कुलदीप चौधरी, अनुराग सारस्वत, मदनलाल कुल्डिया, परसाराम बुगालिया, केशव गट्टानी, हर्षित अग्रवाल, देवी सिंह पडिहार, झूमरमल, विकी राठौड़, हीराराम कलवानिया, विक्रमसिंह, अभिषेक दाधीच, मनीष शर्मा, गिरिराज शर्मा, योगेश कुमार, लक्ष्मण राम सीवर आदि गौसेवक मौजूद रहे।

# मेगा ट्रेड फेयर परवान पर, खरीदारी व झूलों का आनन्द उठा रहे हैं कुचामनवासी



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के स्टेशन रोड स्थित पुलिस थाने के पास लगा दैनिक नवज्योति मेगा ट्रेड फेयर मेला परवान पर है। बड़े-बड़े झूले व चटपटी खाने-पीने की स्टॉले कुचामनवासियों को अपनी ओर खींच रही है।

दिन-प्रतिदिन मेले में भीड़ का ईजाफा साफ देखा जा सकता है। बारिश के चलते मौसम ठंडा होने के कारण लोग न केवल बड़े-बड़े झूलों का लुत्फ उठा रहे हैं बल्कि चटपटे व लजीज पकवानों को भी चख रहे हैं। फेस्टीवल आयोजक नईम खान ने बताया कि ट्रेड फेयर में महिलाओं ने इमिटेशन ज्वैलरी की दुकानों पर पसंद की ज्वैलरी खरीदी। इस ट्रेड फेयर में इस बार अत्याधुनिक झूले आकर्षण का खास केंद्र रहें है।

ट्रेड फेयर में बच्चों ने टोरा टोरा, कोलंबस, ड्रैगन ट्रेन, आदि झूलों का लुत्फ लिया। लोगों ने एक ही छत के नीचे देश के विभिन्न प्रांतों की वस्तुएं हैंडीक्राफ्ट आइटम, सहारनपुर का वुडन फर्नीचर, बनारसी साडियां, मुंबई के आर्टिफिशियल ज्वैलरी की दुकानों पर भीड़ रही।

# परबतसर में वाक्पीठ संगोष्ठी का हुआ आयोजन

जुगल किशोर शर्मा




**परबतसर( नागोर डेली न्यूज ) :** परबतसर ब्लॉक के प्रधानाचार्य व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संस्था प्रधान की वाकपीठ संगोष्ठी का समापन समारोह रॉयल सैनिक स्कूल परबतसर के तत्वावधान में हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा तथा अध्यक्षता के रूप में कुचामन सीबीईओ जगदीश राय, विशिष्ट अतिथि एसीबीईओ शब्बीर खान, सीबीईओ हुकमाराम लैगा, एसीबीईओ हरलाल सिंह कालेर के रूप में उपस्थित थे। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि सभी संस्था प्रधानों को शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यालयों का संचालन करना चाहिए। विद्यालय में शाला दर्पण व कार्यपुस्तिकाओं की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। जिन विद्यालयों में पिछले वर्ष की तुलना में विद्यालय का नामांकन घटा है वह आने वाले दिनों में नामांकन बढ़ाने के प्रयास करें। पालनहार योजना के अंतर्गत विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों का सभी संस्था प्रधान अध्ययनरत प्रमाण पत्र जारी करें तथा पालनहार योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें।

सीबीईओ जगदीश राय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा बहुत बड़ी चुनौती है। वार्ताकार के रूप में पीईईओ किनसरिया ओमप्रकाश कुड़ी ने शिक्षक सम्मान व भामाशाह सम्मान तथा भामाशाह प्रेरक पुरस्कार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एसीबीईओ हरलालसिंह कालेर, सहायक प्रशासनिक अधिकारी कन्हैया लाल काबरा, एसीबीईओ शब्बीर खान, धीरेंद्र राकांवत, बीरमाराम आचरा ने अपनी वार्ताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण जांगिड़ ने किया।

# लॉयंस क्लब ने निकाली 'संस्कार रैली'

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** आजादी के 75वें हीरक जयंती वर्ष को पूरे देश की तरह लायंस क्लब कुचामनसिटी भी अमृत महोत्सव के रूप में गर्व के साथ 15 दिवसीय देशभक्ति से औतप्रौत विभिन्न कार्यक्रमों पूर्वक मना रहा है। इसी क्रम में गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं की एक विशाल संस्कार रैली का आयोजन किया गया। इस संस्कार रैली को कुचामन नगरपरिषद उपसभापति हेमराज चावला, गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर तिवाड़ी, राष्ट्रीय महासचिव लॉयन श्याम सुंदर मंत्री, न्यू मॉर्डन शिक्षण संस्थान ग्रुप चेयरमैन देवीलाल दादरवाल व लॉयन्स क्लब संभागीय अध्यक्ष लॉयन श्याम सुंदर सैनी ने हरी झंडी दिखाकर की। यह विराट रैली कन्या बचाओ-कन्या पढ़ाओ के संदेशो के साथ प्रात: 10 बजे कनोई पार्क पुराने बस स्टैंड से प्रारंभ होकर पलटन गेट, सदर बाजार, घाटी कुआं, नया शहर, सीकर रोड होते हुए पुन: कनोई पार्क पहुँची। रास्ते में रैली में शामिल बच्चियों के लिए जलपान की वयवस्था भी रही। रैली के समापन पर कनोई पार्क में बच्चियों को बिस्किट वितरित किए गए।

### -ये हुए रैली में शामिल

इस अवसर पर लॉयन मुकेश डालुका, लॉयन मनोज अग्रवाल, लॉयन सुभाष राँवका, लॉयन मनमोहन अग्रवाल, लॉयन संजय राँवका, लॉयन मनीष बंसल, लॉयन बाबूलाल मांधानिया, लॉयन मनोज लोहिया, लॉयन नवदीप खोखरिया, लॉयन चेतन खालड़का, लॉयन नरेश जैन के साथ ही गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के डीडवाना इकाई अध्यक्ष संपत प्रजापत, कुचामन सचिव परमानंद अग्रवाल, सह सचिव अनंत तिवारी, उपाध्यक्ष मुरलीधर गोयल, सत्यनारायण मोर व जितेंद्र सिंह राजपुरोहित आदि उपस्थित रहे।

# पशुओं में फैली बीमारी से पशुपालक चिंतित

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** गोवंश में फैल रही लम्पी स्किन डिजीज बीमारी को लेकर मकराना ग्रामीण व गौशाला के पदाधिकारी, पशुपालक, किसान चिंतित है। मकराना के युवा हिन्दू गौ रक्षा सेवा समिति के सदस्य एवं पशुपालन विभाग की ओर से गठित टीम द्वारा बुधवार को डॉ. सालिगराम पूनियाँ वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी प्रभारी मकराना की सलाह से मकराना शहर व ग्रामीण इलाकों में पीड़ित गोवंश के उपचार हेतु अभियान की शुरुआत की गई। डॉक्टर पुनियाँ ने ग्रामीणों को बताया कि संक्रमित पशुओं को पूरे स्वस्थ पशु से अलग रखें व आवास व पशुओं पर परजीवी नाशक दवाईयों का छिड़काव करें। इस बीमारी का प्रभाव लगभग एक सप्ताह तक रहता है। अत: लक्षण दिखने पर नियमित धूप से पशुओं का उपचार करवाएं। जिन पशुपालकों के पशु अभी स्वस्थ है उनको रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु बांटे के साथ दवा पिला भी सकते है। संक्रमण ज्यादा फैलने पर नियमित रूप से उपचार सभंव नही होने पर दर्द निवारक व एंटीवायरस रोधी दवाइयां पशु आहार के साथ दे सकते है।

मकराना के युवा हिंदू गौ रक्षा सेवा समिति द्वारा पिड़ित गौवंश हेतु हेल्पलाइन नंबर 9854100108 जारी किया गया है। इसके साथ ही गोविंद की गैय्या गौशाला के द्वारा भी ग्रामीण क्षेत्रों में लम्पि स्किन पिड़ित गौवँश हेतु विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में अलग अलग वार्ड बनाए गए है। व्यवस्थापक श्याम सिंह राठौड़ गुणावती ने बताया कि समिति द्वारा नवनिर्मित पिड़ित गौ वँश सेवा केन्द्र मंगलाना रोड़ का निर्माण कार्य प्रगति है। समिति सदस्यों द्वारा ये निर्णय लिया गया कि जल्दी से जल्दी जो पीड़ित गौ वंश का वार्ड हम बना रहे जो पिड़ित गौवँश सेवा केन्द्र का सबसे बड़ा वार्ड है उस का निर्माण कार्य 4 से 5 दिनों में पूर्ण कर लंपि स्किन बीमारी से ग्रस्त गौ वंश वार्ड बना दिया जाए। फिर पशु विभाग के निर्देशानुसार उपचार कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस इस सेवा कार्य में श्याम सिंह गुणावती, आकाश सांखला, दशरथ स्वामी, गणेश सिंह, अविनाश सिंह, अभिषेक सोलंकी, नवीन सोलंकी, सेवाराम सैनी, अजय कुमार, पशुधन सहायक मुकेश रेगर, दीपराम मेघवाल, दीनदयाल आलड़िया सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# शारदा बाल स्कूल में बाल संसद चुनाव संपन्न

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** आदर्श शिक्षण संस्थान नागौर द्वारा संचालित शारदा बाल निकेतन माध्यमिक डेगाना में बाल संसद चुनाव संपन्न।

प्रधानाचार्य गणपत राम खटकड़ बताया कि बाल संसद चुनाव के माध्यम से विद्यार्थियों में लोकतंत्र के महत्व के बारे में जानकारी एवं नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष बालसंसद में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव पद पर चुनाव प्रभारी दीपक पारीक द्वारा संपन्न करवाये गये।

बालसंसद में अध्यक्ष पद हेतु लक्ष्मी देवजानी, सुमन चौधरी, आर्यन चौधरी कृष्णा शर्मा पंकज सोनी उपाध्यक्ष पद हेतु अनिता चौधरी निशा वन्दना चौधरी आर्यन पूनिया दिनेश टांडी नवीन चंदेल सचिव पद हेतु पूजा सारिका मोनिका थारोल केशव लक्षित सिंह तुषार कुमार के रूप मे मैदान में रहे।

# मैन विनय कुमार से मिले संत नानकदास महाराज

पुखराज तानाण



**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कबीर आश्रम के संस्थापक व पूर्व केन्द्रीय टी बोर्ड सदस्य संत नानक दास महाराज दिल्ली केंद्रीय रेलवे बोर्ड भारत सरकार के चेयरमैन विनय कुमार त्रिपाठी से मिले। इस मौके पर उन्होंने खाटू स्टेशन पर हो रही असुविधाओं के बारे चर्चा की। साथ ही खाटू रेलवे स्टेशन का सही नाम बड़ी खाटू करवाने की मांग की। साथ ही कोरोना काल के बाद से स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया था। उन सभी एक्सप्रेस गाड़ियों को फिर से खाटू स्टेशन पर ठहराव की मांग की। इस मौके पर उन्होंने एक पत्र पर सम्पूर्ण मांगो को लिखकर चेयरमैन को पत्र सौंपा।

# लंम्पी वायरस बचाव के लिए लगाए टीके

## युवा टीम ने पूरे दिन दिया सहयोग

फखरूद्दीन खोखर

**रूण( नागौर डेली न्यूज ) :** गायों में गुजरात से आई लंपी बीमारी इन दिनों गावों मे देखने को मिल रही है। इस बीमारी से बचाव के लिए ग्रामीण अपनी ओर से नि:शुल्क सेवाएं देते नजर आ रहे हैं। कई जानकारों ने बताया कि इस बीमारी का अब तक टीका भी उपलब्ध नहीं है। अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के रामप्रसाद गोलिया ने बताया कि गांव रूण में प्राइवेट पशु चिकित्सक श्रवणराम चौधरी के साथ मिलकर युवाओं की टीम ने बुधवार को लगभग 140 गौ माता के बचाव टीके लगाए। उन्होंने बताया कि इस काम में काफी युवाओं ने भरपूर सहयोग दिया।

इसी प्रकार इस बीमारी से बचाव के लिए काली मिर्च, देसी घी, हल्दी, गुड़ सभी का मिश्रण बनाकर बाजरे के आटे में गायों को खिलाया गया ताकि इस भयानक बीमारी से बचाव हो सके। इसी प्रकार पशुपालकों ने अपनी ओर से बचाव करते हुए इस बीमारी से ग्रसित गायों को अलग रखकर उपचार शुरू करवा दिया है।

# विद्युत पोल गिरने से सौर ऊर्जा प्लेट क्षतिग्रस्त

धनसुख सैनी

**जिलिया( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम कुकनवाली में तूफानी हवा के साथ बारिश के कारण विद्युत पोल गिरने से किसान रामेश्वरलाल पुत्र नारायणराम ग्राम ओमपुरा कुकनवाली के खेत मे लगी सौर ऊर्जा प्लेट क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार किसान ने बताया कि तूफानी हवा के साथ आई बारिश के साथ पास में खड़ा बिजली का पोल गिर गया, जिसके कारण सौर ऊर्जा की तीन प्लेट व मुख्य स्ट्रक्चर खराब हो गया। इससे किसान को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हो गया।

# करंट से विवाहिता की मौत

महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचेरा के निकटवर्ती ग्राम गाजू में बुधवार सुबह एक विवाहिता घर के बाहर बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही कुचेरा थानाधिकारी विमला चौधरी जाब्ता सहित मौके पर पहुंचा। मौके पर पहुंचे शव को कब्जे में लेकर कुचेरा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचेरा मोर्चरी में रखवाया गया। हेड कांस्टेबल दयाराम व छोटूराम ने बताया कि गाजू निवासी मुन्नी धर्मपत्नी सहदेव जाति नायक उम्र 33 वर्ष जिसके घर के बाहर करंट आने से उसकी मौत हो गई है।

# मेड़तासिटी में 518वां मीरा जयंती महोत्सव का हुआ आगाज

**मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के साथ अखंड हरिकीर्तन की हुई शुरुआत**

- **मीरा महोत्सव में प्रदेश भर के श्रद्धालु करेंगे शिरकत**
- **देश में भक्तों के नाम से जाने जाने वाला पहला मंदिर**

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )** : मेड़तासिटी में 518वां मीरां महोत्सव का आगाज पूरे हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस मौके पर जहां राजपूत समाज ने परम्परानुसार ध्वजा गाजे-बाजे के साथ मीरा मंदिर लाई गई। यहां पर मीरा जयंती महोत्सव के पदाधिकारियों के द्वारा राजपूत समाज के लोगों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया, जहां मंत्रोच्चार के साथ प्राचीन परम्परा का निवर्हन करते हुए राजपूत समाज ने मंदिर के शिखरजी पर ध्वजा फहराई। इस दौरान मंदिर परिसर भगवान चारभुजा नाथ व मीरां बाई के जयकारों से गूंज उठा। ध्वजारोहण का यह कार्यक्रम चतुर्भुज शिक्षा समिति मेड़तासिटी के चारभुजा छात्रावास के तत्वावधान में समिति के अध्यक्ष भैरूंदा प्रधान जसवंत सिंह के तत्वावधान में किया गया। इस दौरान भंवरसिंह नोखा चांदावता, भंवर सिंह औलादन, जीवणसिंह, हरदयालसिंह रियांश्यामदास, भवानी सिंह कात्यासनी, श्याम राठौड़, हरेन्द्र जोधा, धनसिंह राठौड़, गोपालसिंह राजश्री, हनुमानसिंह रासलियावास, भवानी सिंह दधवाड़ा, अजीतसिंह चंदारूण, गुलाबसिंह रियांबड़ी, शिवप्रताप सिंह ईडवा, वीरेन्द्रसिंह मेड़तारोड, नरेन्द्रसिंह दधवाड़ा, गिरवर सिंह जालसू, किशनसिंह चांपावत व नरेन्द्रसिंह जसनगर सहित वल्लभनगर की विधायक प्रीति गजेन्द्रसिंह शक्तावत आदि मौजूद थे।

**इस मंदिर में मांगी जाने वाली हर मुराद होती है पूरी**






### पूर्व चेयरमैन थानवी के परिवार ने कराई रजत रेवाड़ी की स्थापना

इस बार मीरा महोत्सव में मुख्य यजमान नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष अनिल थानवी है। उन्होंने अपने पिता रतनलाल थानवी, पत्नी रेणुका थानवी व पुत्र अनमोल थानवी के साथ मीरां मंदिर में चारभुजा नाथ की रजत रेवाड़ी की स्थापना मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराई। इस दौरान चारभुजा नाथ मंदिर में पंडित लक्ष्मी नारायण व्यास, पंकज व्यास, आदि के मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान थानवी परिवार मेड़ता सिटी की ओर से भगवान चारभुजा नाथ मंदिर में गणेश पूजन नवग्रह पूजन इत्यादि कर रजत रेवाड़ी की स्थापना कराई। इस मौके पर मौके पर मीरा महोत्सव समिति के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश बिड़ला, नगर पालिका के अध्यक्ष गौतम टाक, नंदकुमार अग्रवाल विक्रम शर्मा, सत्यनारायण सिखवाल,दशरथ सारस्वत, माणक सैन, मीरा महिला मंडल की अध्यक्ष उमा शर्मा रजत, कल्पना चौहान, पार्षद श्वेता सोनी, पार्षद कैलाश अग्रवाल दलवीर सिंह गहलोत, कैलाश गौड़, पूसादास वैष्णव, सीपी पुजारी, अभिमन्यु शर्मा, विनोद भाटी सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर में 28 रोगियों के हुए सफल ऑपरेशन

**मुस्लिम एज्यूकेशन व छीपा रहमानिया सोसायटी के सौजन्य से आयोजित हुआ शिविर**

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )** : मुस्लिम एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में छीपा रहमानिया मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति नागौर एवं एमआरएस कुचामनसिटी के सहयोग से राजकीय चिकित्सालय मे आयोजित नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर में 28 रोगियों के सफल ऑपरेशन किये गए। सोसायटी सेकेट्री अकीक अहमद ने बताया 33 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन हुआ था, जिसमें से बुधवार को 33 रोगियों का नैत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. लुकमान खान की टीम ने ऑपरेशन किये 5 रोगियों के ब्लॅड प्रेशर अधिक होने की वजह से ऑपरेशन नहीं हुए । मरीजों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था भामाशाह हाजी अब्दुल हमीद मौलानी परिवार द्धारा की गई। सोसायटी सदर मोहम्मद शकील ने बताया कि शिविर की व्यवस्था मे मोहम्मद हबीब मौलानी, नर्सिंग ऑफिसर जाकिर हुसैन, नैत्र सहायक सुमन कुमावत, मुरलीधर शर्मा, केवलचंद, आरिफ भाटी, आनंद कुमार, नागौर जिला अध्यक्ष मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् व न्यायायिक मंच मुन्नालाल काछवाल, लियाकत अली टाक, जावेद कलाल, सरवर तंवर, इमरान खान, आरीफ टाक, इकबाल खॉन आदि ने सहयोग किया।

## विद्यालय में भेंट की स्वचालित विद्युत घंटी

धनसुख सैनी

**जिलिया( नागौर डेली न्यूज )** : राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगलपुरा के भामाशाह रामूराम निठारवाल चैयरमेन (कोपरेटिव सोसायटी) ने विद्यालय को स्वचालित विद्युत घंटी भेंट की। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ ने भामाशाह का माल्यार्पण व साफा बंधवाकर स्वागत सम्मान किया गया। संस्था प्रधान अभिषेक गोयल ने बताया कि विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद रिक्त रहने से हर कालांश की घंटी बच्चों के द्वारा लगाई जाती थी, जिससे काफी परेशानी होती थी।

अब स्वचालित विद्युत घंटी प्राप्त होने से इस समस्या का समाधान हो गया है। भामाशाह हर समय विद्यालय के सहयोग में हमेशा आगे रहते हैं और भविष्य में भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। विद्यालय परिवार ने सभी भामाशाहों का आधार व्यक्त किया।

## जिलिया के बालाजी मंदिर में हुआ सुंदरकांड का आयोजन

धनसुख सैनी.

जिलिया( नागौर डेली न्यूज)। कस्बे के सुप्रसिद्ध श्री संकट मोचन तिबारी बालाजी मंदिर में 108 सुन्दर काण्ड के पाठ का आयोजन हुआ। मेला समिति पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल शर्मा ने बताया कि रामस्वरूप शर्मा, बालमुकंद शर्मा, पवन कुमार, प्रहलाद शर्मा, पण्डित उजाश कुमार शर्मा, रामोतार शर्मा, विकि निवासी जिलिया हॉल निवासी जयपुर के द्वारा हर वर्ष की भांति इस साल भी बालाजी मन्दिर में सुंदर काण्ड के पाठ का आयोजन करवाया गया। पूर्व अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि इनकी सेवा कोरोना काल मे भी बाबा के दरबार मे सुंदरकांड के पाठ का आयोजन करवाते रहे है, वहीं 108 पाठ समापन पर आरती कर भक्तों में प्रसादी वितरण किया गया।

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा व परामर्श शिविर का हुआ आयोजन

**मरीजों को चश्मे किए वितरित**



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज )** : जमीअत अहले हदीश संस्था लाडनूँ व शंकरा आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान एवं अंजुमन फैज आम संस्था के सहयोग से तेलीरोड पर विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लाडनूँ शहरी क्षेत्र सहित आसपास के गांव से आये 150 लोगों की नेत्र जांच, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर आदि की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। इस मौके पर 150 मरीजों को नि:शुल्क जांच एवं परामर्श लाभ प्रदान किया गया। वंही 29 मरीजों को नेत्र मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जयपुर भेजा गया हैं। इस अवसर पर 50 लोगों को नि:शुल्क चश्मा वितरण भी किया गया। नेत्र शिविर में डॉ. अदिति , डॉ. दीर्घा पारीक, डॉ. शांति प्रिया, नर्स सुनील, दीपा, पूजा पारीक ने सेवाएं दी। इस अवसर पर हाजी अब्दुल शकूर, हाजी निवाज मुहम्मद, अब्दुल रशीद, हाफिज मुहम्मद जावेद, हाजी यासीन खान मोयल, मास्टर जलालदीन सोलंकी, हाजी अनवर सोरघर आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

## भाटी का किया स्वागत

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज )** : शिक्षक संघ अंबेडकर की ओर से नवनियुक्त एसीबीईओ का स्वागत किया गया। नवनियुक्त एसीबीईओ रामचंद्र भाटी के लाडनूं कार्यालय में कार्यग्रहण करने पर शिक्षक संघ अंबेडकर की ओर से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सीबीईओ सुरेश मेहरिया का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया, जिसमें अध्यापक छगन लाल गर्वा, मगनाराम बिदावत, भंवर लाल रायधना, पूर्णा राम लाछड़ी, ओमशंकर गर्वा, चंद्राराम मेहरा, शिवराज बरवड़, छगना राम रैगर, सदासुख आसोटा, बीरबल फुलवारिया, तिलोक राम ऑडिट, रेखा राम बादेड़ आदि मौजूद रहे।

## अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ संयुक्त कार्यवाही से मचा हड़कंप

लुकमान शाह

नागौर(नागौर डेली न्यूज)। थांवला पुलिस ने अवैध खनन व परिवहन में सहयोग करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की है।। अवैध बजरी परिवहन को लेकर वैसे तो समय-समय पर खनन विभाग के द्वारा कार्यवाही की जाती रही है लेकिन इस जुलाई माह में अब तक खनन विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग द्वारा ज्वाइंट ऑपरेशन करते हुए कार्यवाही को अंजाम देकर रिकॉर्ड तोड़ राशि वसूल करते हुए नजर आ रही है। थानाधिकारी थांवला ने टीम द्वारा अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करते हुऐ अवैध बजरी परिहवन के वाहनों की रैकी करने वाली एक बोलरो को धारा 207 एमवी एक्ट में जब्त कर दो व्यक्तियों को धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया। पुलिस से मिली जानकारी के



अनुसार रात्रिकालीन गश्त के दौरान टोडाराम हैडकानि. मय जाब्ता द्वारा थांवला बाईपास के पास एक संदिग्ध बोलेरो गाड़ी आरजे-42 यूए 0962 जो बजरी की रैकी कर रहे के चालक रणजीत पुत्र हनुमानराम जाति जाट उम्र 26 वर्ष निवासी किशनगढ़ पीएस किशनगढ़ व अन्य शक्स भागचंद पुत्र तेजाराम जाति रावत उम्र 30 वर्ष निवासी मदनगढ पीएस किशनगढ जिला अजमेर को बजरी की रैकी करते पाये जाने पर धारा 151 सीआरपीसी में आरोपियों को थांवला बाईपास से किया गिरफ्तार किया गया।

# महाराजा सूरजमल के नाम हो सर्किल

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )** : कुचामन शहर में महाराजा सूरजमल के नाम से सर्किल बनवाने की मांग उठी है। सामाजिक कार्यकर्ता परसाराम बुगालिया के नेतृत्व में सर्व समाज के विभिन्न लोगों ने कुचामन शहर में आरएनटी स्कूल के पास रिंग रोड़ चौराहे को व शहर में अन्य किसी चौराहे को महाराजा सूरजमल के नाम से सर्किल बनवाए जाने की मांग रखी। सर्व समाज के विभिन्न लोगों ने एक हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र कुचामन नगर परिषद के आयुक्त कार्यपालक अधिकारी को मांगपत्र सौंपकर मांग पत्र में लिखा कि महाराजा सूरजमल सर्व समाज के लिए आदर्श थे अजेय योद्धा महाराजा सूरजमल दूरदर्शिता के साथ राष्ट्रवादी सोच के मालिक थे।

युवाओं में महाराजा सूरजमल से प्रेरणा मिलेगी सदैव धर्म की रक्षा और महिलाओं की सुरक्षा की प्रेरणा मिलेगी। महाराजा सूरजमल सर्किल की मांग के साथ ही शहर में एक सड़क या चौराहे का नाम शहीद-ए-आजम भगतसिंह के नाम करने की भी मांग की गई। मांग पत्र के माध्यम से कहा कि भारत के नौजवानों को वीरों के इतिहास की गाथा किताबों के अलावा ऐसे प्रत्यक्ष मिले तो आने वाली पीढ़ी समर्पित होगी।



उन्होंने लिखा है कि महाराजा सूरजमल कभी मुगलों के सामने नहीं झुके। उनके नाम से युवाओं में देशभक्ति का संचार होगा। उन्होंने मांग पत्र में यह भी लिखा है कि महापुरुषों के प्रति आदर व सम्मान का भाव प्रकट करना हम सब का नैतिक कर्तव्य है। महापुरुष हमारे संस्कृति का एक हिस्सा है। उनकी याद सदैव हमारे हृदय में रहे इसलिए सर्किल का नाम महापुरुषों के नाम पर रखे जाने से जहां लोग गौरव महसूस करेंगे। वहीं युवा पीढ़ी इन्हें नामों से प्रेरणा लेगी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता परसाराम बुगालिया, झूमरमल बिजारणिया, बिरमाराम बांगड़वा, हिंदू युवा वाहिनी जिला अध्यक्ष मदनलाल, कैलाश गौगोर, बलवीर डोडवाडिया, गौ-सेवक अंकित शर्मा, गोपाल मेघवाल, अजय, विजय चौधरी, महेंद्र कुमावत, धन्नाराम कुमावत, प्रभुराम, ओमप्रकाश कुमावत, गंगाराम जाट, रामदेव शर्मा, विक्रम सिंह, अनुराग सारस्वत, हस्तशिल्प मदन मेघवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## लाडनूं की पूजा करेगी स्वतंत्रता दिवस समारोह में कालबेलिया नृत्य का प्रदर्शन

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज )** : जैन विश्वभारती संस्थान विश्वविद्यालय में संचालित 13 राज बटालियन एनसीसी की कैडेट् पूजा इनाणियां का चयन दिल्ली में आयोज्य स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए किया गया है। जयपुर स्थित एनसीसी एन्क्लेव में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत प्री आईडीसी कैंप में प्रदेश के 4 ग्रुपों जयपुर, जोधपुर, उदयपुर व कोटा के कुल 68 कैडेट्स ने भाग लिया था।

डिस्ट्रिक्ट प्रजेंटेशन के लिए आए 36 कैडेट्स का सीध सलेक्शन किया गया। इनमें जोधपुर ग्रुप से पूजा इनाणियां सहित 3 कैडेट्स का चयन किया गया है। कालबेलिया डांस के लिए आए 32 कैडेट्स में से कुल 10 का



सलेक्शन एक भारत श्रेष्ठ भारत आईडीसी दिल्ली के लिए हुआ है। जैविभा विश्वविद्यालय की कैडेट पूजा इनाणियां का चयन कालबेलिया नृत्य के लिए हुआ है। इनमें 8 लड़कियां और 2 लड़के सहित कुल 10 कैडेट्स होंगे। यह कालबेलिया नृत्य आगामी 15 अगस्त को दिल्ली में लाल किले पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। इस दल को जयपुर के लिए रवाना किया गया है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ व एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डा. आयुषी शर्मा ने इन सभी कैडेट्स को बधाई दी है।

## नावां में आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड का हुआ शुभारंभ

**पूर्व विधायक हरीश कुमावत व मनीष व्यास ने फीता काटकर किया उद्घाटन**



सहदेव चौधरी

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज )** : बुधवार को शहर के श्रीराम सदन पीएनबी बैंक के पास आईआईएफएल फाइनेंस का भव्य शुभारंभ किया गया। पूर्व भाजपा सरकार में राज्य मंत्री रहे व नावां विधानसभा से चार बार विधायक रहे हरीशचन्द्र कुमावत समारोह में मुख्य अतिथि थे जबकि अध्यक्षता समाज सेवी मनीष व्यास ने की। मनीष व्यास ने कहा कि नावां शहर में गोल्ड लोन जैसी सुविधाएं मिलने से लोगो को काफी सहुलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इंसान को कभी भी रूपयों की जरूरत पड़ सकती है। लोग अपना सोना यहां रखकर रूपये ले सकेंगे तथा रूपये वापस जमा करवाकर अपना सोना वापस लें सकेंगे। इस दौरान देवीलाल दादरवाल खारिया, लोकेन्द्रसिंह पूर्व सरपंच मीठडी, प्रताप सिंह लूणवां, हनुमान बाजडोलिया जाबदीनगर, ब्रह्मानन्द शर्मा राजास आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए। क्षेत्रीय प्रबन्धक महावीर सिंह राठौड़ एवं गणेश यादव ने संस्था की कार्यशैली पर प्रकाश डाला। रिजनल हेड कुमार.के. तथा ब्रांच मैनेजर शेख नसीम मौहम्मद ने उपभोक्ताओं को बताया कि आई आई एफ एल द्वारा गोल्ड लोन, हेल्थ इंश्योरेंस एवं बिज़नस लोन के क्षेत्र में कार्य किया जायेगा।

# पंचायत राज मंत्री के विरोध में सरपंच संघ ने खोला मोर्चा

- **जयपुर पैदल कूच किया**
- **5 अगस्त को जयपुर में किया जायेगा प्रदर्शन**




रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज )** : नागौर दौरे के दौरान सरपंचों को भ्रष्ट बताने वाले मामले में प्रदेश के पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा अब घिरते दिख रहे हैं। उनके इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदेश सरपंच संघ ने पूरे प्रदेश में एक साथ मोर्चा खोल दिया है। इस कड़ी में बुधवार को जायल पंचायत समिति के 38 सरपंचगणों ने जयपुर के लिये पैदल कूच कर 5 अगस्त को जयपुर में प्रदर्शन किया जायेगा। बुधवार को जायल पंचायत समिति के 38 सरपंच गणों ने जयपुर के लिये पैदल कूच कर 5 अगस्त को जयपुर में प्रदर्शन किया जायेगा। पिछले काफी दिनो से सरपंच संघ के पदाधिकारियों की ओर से धरना दिया गया। साथ ही सरपंचों को भ्रष्ट बताने जैसे आरोप लगाने वाले मंत्री से इस्तीफा लेने की मांग उठाई गई। प्रदेश व्यापी आहान पर जायल सरपंच संघ द्वारा पैदल जयपुर कूच किया गया सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महिपाल थालोड ने कहा आगामी 5 अगस्त को प्रदेश सरपंच संघ के नेतृत्व में जयपुर धरना प्रदर्शन कर मांगे नही मानी जाने तक महापड़ाव जारी रहेगा। इस दौरान जायल पंचायत समिति के सभी सरपंच, उपसरपंच, वार्डपंच पैदल कुच में शामिल हुए । दौरान दुग्सताऊ सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र डिडेल, खिंयाला सरपंच प्रतिनिधि बेनिगोपाल रतावा, सुरेश मेघवाल, बीरबल बांगड़ा ,सुरेन्द्र सिंह, गिरवर सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com